संख्याः 846 / USDMA/ 792 (2020 ) TC-2

प्रेषक,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
(प्रशासन)
उत्तराखण्ड राज्या आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

सेवा में,

अपर सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

यू0एस0डी0एम0ए0

दिनांक 23, अगस्त, 2022

विषयः कोविड संक्रमण के बचाव एवं राहत कार्यो में तैनात कार्मिकों (संविदा, आउटंसोर्सेस) एवं **Corona Warriors** के सम्बन्ध में।

महोदय,

महोदय उपरोक्त विषयक मुख्यमंत्री कार्यालय (लेखा) अनु–06, उत्तराखण्ड शासन से पत्र संख्या–52209/XXXI-17/2020 दिनांक 28 जुलाई, 2022 द्वारा दिनांक 01.07.202 को अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, महोदया की अध्यक्षता में "कोविड संक्रमण के बचाव एवं राहत कार्यो में तैनात कार्मिकों (संविदा, आउटसोर्सेस) एवं Corona Warriors के कार्यो के दौरान कोविड संक्रमण से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सम्मान निधि दिये जाने की समयावधि (Cut off date) निर्धारित किये जाने विषयक" सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन करने का कष्ट करें **(प्रति–संलग्नक)**।

उक्त कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–4 के क्रम में "प्रथमतः कोविड–19 संक्रमण के बचाव एवं राहत कार्यो हेतु आपदा प्रबन्धन विभाग/जिलाधिकारियों/ विभागाध्यक्षों द्वारा जिन स्थानों/कार्यो में कार्मिकों की कोविड–19 ड्यूटी लगाई गयी है तथा ऐसे स्थानों/कार्यो में यदि वर्तमान में कोविड–19 के बचाव व राहत से सम्बन्धित ड्यूटी की आवश्यकता प्रतीत न हो तो ऐसी स्थिति में ऐसे कार्मिकों की कोविड–19 ड्यूटी के पूर्व में निर्गत आदशों को निरस्त करने हेतु जिलाधिकारियों/विभागाध्यक्षों को आपदा प्रबन्धन विभाग अपने स्तर से यथोचित दिशा निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

कृपया उपरोक्तानुसार उक्त विषय पर आपदा प्रबन्धन अनुभाग–01, उत्तराखण्ड शासन (प्रशासकीय विभाग) के माध्यम यथा–आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध है।

संलग्नकःउपरोक्तानुसार

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार सोनकर)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी–प्रशासन

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. अनुभाग अधिकारी, आपदा प्रबन्धन अनुभाग–01, उत्तराखण्ड शासन को प्रशासकीय विभाग के माध्यम से अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(जितेन्द्र कुमार सोनकर)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी–प्रशासन